**Regarding revival of Naini Industrial Sector in Prayagraj, Uttar Pradesh**

श्री उज्ज्वल रमण सिंह **(**इलाहाबाद**) :** महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान प्रयागराज के ओद्योगिक क्षेत्र नैनी की ओर आकर्षित करना चाहता हूं, जिसे देश की प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी जी और तत्कालीन मुख्य मंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा जी ने उसको बसाया था । जहां मशीनों की घनघनाहट से पूरा ओद्योगिक क्षेत्र गुंजायमान रहता था । सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां आईटीआई में 5000 लोग कार्यरत थे, बीपीसीएल में 600 कर्मचारी, टीएसएल में 1500 कर्मचारी और हिन्दुस्तान केबल में 900 कर्मचारी कार्यरत थे ।

प्राइवेट सेक्टर्स की कंपनियां रेमंड सिंथेटिक में 4 हजार कर्मचारी, यूनिवर्सल टायर में 4 सौ कर्मचारी, डेज़ मेडिकल में 450 कर्मचारी, टीडब्ल्यू में 6 सौ कर्मचारी और जीईसी में सात सौ नियमित कर्मचारी तथा स्वदेशी कॉटन मिल में 22 सौ कर्मचारी कार्यरत थे । आज सारी की सारी कंपनीज बंद पड़ी हैं । मैं सरकार को बताना चाहता हूं कि 16 हजार नियमित कर्मचारी परोक्ष रूप से तथा 6 हजार मजदूर कार्यरत थे । देश के प्रधान मंत्री जी ने वायदा किया था । इतनी महिमा और गुणगान प्रयागराज का किया गया, लेकिन नैनी औद्योगिक क्षेत्र की ओर, जहां देश के प्रधान मंत्री जी ने इसके पुनरुद्धार के लिए वायदा किया था, लेकिन आज सारी की सारी कंपनीज, जिनका मैंने नाम लिया है, वहां पर सीआर बोल रहे हैं, सारी कंपनियां बंद हैं । मैं देश के प्रधान मंत्री जी से आग्रह, विनती, अपील करना चाहता हूं कि नैनी औद्योगिक क्षेत्र को चलाने की ओर ध्यान दें । मैं सरकार से कहूंगा कि अगर यह नैनी औद्योगिक क्षेत्र चल गया, तो नौकरी, जो पूरे प्रयागराज की समस्या है, जो हमारी समस्या है, वह दूर हो जाएगी । धन्यवाद ।

माननीय सभापति : डॉ. मोहम्मद जावेद जी ।